## खबर संक्षेप

### कोटर में महिलाओं का 14 दिवसीय कौशल विकास प्रशिक्षण

**सतना।** नगर परिषद कोटर में महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से आयोजित 14 दिवसीय कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ। समापन अवसर पर प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली महिलाओं को प्रमाणपत्र वितरित किए गए। महिलाओं को बेसिक प्लम्बिंग,वाटर मीटर रीडिंग और प्लम्बिंग प्रणाली की सैद्धांतिक व व्यावहारिक जानकारी दी गई। महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ना और जल संरक्षण के प्रति जागरूक करना। सामुदायिक विकास अधिकारी शैलेश कुमार तिवारी द्वारा संचालित इस कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने अपने सीखे हुए कौशल का प्रदर्शन भी किया।

### स्लीमनाबाद टनल प्रोजेक्टः रबी सीजन तक हर हाल में किसानों के खेतों तक पहुँचेगा पानी

**सतना।** उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय में स्लीमनाबाद टनल परियोजना की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसानों के हितों से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। रबी सीजन तक परियोजना को अनिवार्य रूप से पूर्ण करने के निर्देश।टनल के साथ-साथ नहरों और फील्ड चैनलों का काम भी साथ-साथ पूरा करने को कहा गया ताकि काम खत्म होते ही जलापूर्ति शुरू हो सके। इस परियोजना के पूर्ण होने से सतना और मैहर क्षेत्र के किसानों की आय और कृषि उत्पादकता में बड़ी वृद्धि होगी।

### 'दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान' का दूसरा चरण शुरू

**सतना।** जिले में पशुपालन को आधुनिक और लाभप्रद बनाने के लिए कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस के मार्गदर्शन में दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान का द्वितीय चरण 3 जनवरी तक चलाया जा रहा है। प्रशिक्षित मैत्री गौसेवक और पशुसखी उन पशुपालकों से मिल रहे हैं जिनके पास 5 से 9 गाय या भैंस हैं। पशुओं का नस्ल सुधार (सेक्स सॉर्टेड सीमन),कृत्रिम गर्भाधान,पशु पोषण और उन्नत स्वास्थ्य तकनीक।अभियान की मॉनिटरिंग और समस्याओं के समाधान के लिए जिले में एक विशेष कंट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है।

### 'आपकी पूंजी आपका अधिकार': मैहर में बैंकिंग जागरूकता के लिए विशेष कैंप आयोजित

**मैहर।** भारत सरकार के निर्देशानुसार वित्तीय क्षेत्र में 'अनक्लेम्ड एसेट्स' (लावारिस जमा राशि) के त्वरित निपटान के लिए मैहर के इंड सिटी प्रांगण में एक जागरूकता कैंप लगाया गया। 29 दिसंबर को आयोजित इस शिविर में जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक रवि रंजन रवि,पीएनबी मैनेजर सुरेश कुमार नायर और इंडियन बैंक के शाखा प्रबंधक पवन कुमार पांडे प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। शिविर का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को उनके मृत परिजनों के पुराने बैंक खातों,बीमा दावों और निवेश की ऐसी पूंजी के बारे में जानकारी देना था,जो लंबे समय से बैंकों में निष्क्रिय पड़ी है।

# वेयरहाउस संचालक ने बिना बताए लगाया ताला

## 7 घंटे तक स्टेट हाईवे जाम कर किसानों ने किया हंगामा





**सतना।** जिले की सेवा सहकारी समिति झाली में धान खरीदी के दौरान उस समय अफरा-तफरी मच गई,जब वेयरहाउस संचालक की मनमानी के कारण सैकड़ों किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बिना किसी पूर्व सूचना के वीना वेयरहाउस में ताला जड़कर संचालक के चले जाने से आक्रोशित किसानों ने सुंदरा-सेमरिया स्टेट हाईवे पर चक्काजाम कर दिया।

### बिना सूचना ताला बंद, सड़कों पर आए किसान

जानकारी के अनुसार,वेयरहाउस संचालक आलोक सिंह बिना किसी को जानकारी दिए गोदाम में ताला लगाकर चले गए थे। खरीदी केंद्र पर अपनी उपज लेकर पहुंचे किसान और केंद्र प्रभारी घंटों गेट खुलने का इंतजार करते रहे। जब कोई हल नहीं निकला,तो किसानों का धैर्य जवाब दे गया। लगभग 25 ट्रैक्टरों के साथ किसान सुंदरा-सेमरिया मार्ग पर उतर आए और रास्ता पूरी तरह बंद कर दिया।

### 7 घंटे ठप रहा यातायात, प्रशासन के फूले हाथ-पांव

चक्काजाम के कारण स्टेट हाईवे के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। करीब 7 घंटे तक यातायात पूरी तरह बाधित रहा। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस बल के साथ नागरिक आपूर्ति निगम और वेयरहाउस कॉर्पोरेशन के अधिकारी मौकेपर पहुंचे।अधिकारियों द्वारा वेयरहाउस संचालक को बुलाए जाने और समझाइश के बाद शाम 4 बजे गोदाम का ताला खोला गया,तब कहीं जाकर धान की अनलोडिंग शुरू हो सकी।



### कार्रवाई के बजाय 'सहानुभूति': अधिकारियों पर उठे सवाल

इतने बड़े हंगामे के बावजूद प्रशासन का रवैया ढुलमुल नजर आया। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने घटना का कोई पंचनामा तैयार नहीं किया। अधिकारियों का तर्क था कि संचालक के घर पर तेरहवीं का कार्यक्रम था,इसलिए 'सहानुभूति' के आधार पर कार्रवाई नहीं की गई। हालांकि,प्रशासन ने चेतावनी दी है कि भविष्य में ऐसी गलती होने पर एफआईआर दर्ज की जाएगी। प्रदर्शन कर रहे किसानों ने मांग की है कि धान खरीदी जैसी महत्वपूर्ण व्यवस्था में लापरवाही बरतने वाले संचालकों और जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए,ताकि दोबारा उन्हें इस तरह की परेशानी न झेलनी पड़े।

# हत्या के 8 आरोपी गिरफ्तार, वारदात में प्रयुक्त हथियार भी बरामद

## अटरा गांव में हुए खूनी संघर्ष में एक की हुई थी मौत; पुलिस ने आरोपियों को भेजा जेल, 3 अब भी फरार

**सतना।** जिले के नागौद थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अटरा में पुरानी रंजिश और विवाद के चलते हुई हत्या के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घटना में शामिल 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों के पास से वारदात में इस्तेमाल किए गए लाठी,रॉड,हथौड़ा और कुल्हाड़ी जैसे घातक हथियार भी बरामद किए गए हैं।



### क्या है पूरा मामला?

मिली जानकारी के अनुसार,घटना 26 दिसंबर की रात करीब 10 बजे की है। फरियादी प्रहलाद सिंह उर्फ शंखू ने पुलिस को बताया कि वह अपने चाचा द्वारिका प्रसाद के साथ खेत में आग ताप रहे थे। तभी गांव का पंकज सिंह वहां आया और गाली-गलौज करने लगा। विवाद बढ़ने पर पंकज ने फोन कर अपने साथियों और भाइयों को बुला लिया। देखते ही देखते अमित सिंह,अंकित सिंह,खुशीराम, कुशवेंद्र समेत करीब एक दर्जन लोग लाठी-डंडों और हथियारों से लैस होकर मौके पर पहुंचे और हमला कर दिया। बीच-बचाव करने आए वीरेंद्र,नत्थू सिंह और राहुल के साथ भी मारपीट की गई। हमले में गंभीर रूप से घायल द्वारिका प्रसाद पटेल की इलाज के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए रीवा जोन के पुलिस महानिरीक्षक व उप महानिरीक्षक के निर्देशन तथा पुलिस अधीक्षक सतना के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक अशोक पाण्डेय के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (BNS) की विभिन्न धाराओं (103(1), 296,115(2),118(1) आदि) के तहत मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की।

### गिरफ्तार किए गए आरोपी

आरोपियों के नाम खुशीराम सिंह 60 वर्ष,कुशमेंद्र सिंह उर्फ मुडिया 46 वर्ष,लवकुश सिंह उर्फ हरिया 26 वर्ष,अनिल सिंह 20 वर्ष,कुंजीलाल सिंह 46 वर्ष,रामदुलारे सिंह 49,संदीप सिंह 19 वर्ष,हर्षित सिंह 20 वर्ष सभी आरोपियों को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया,जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। मामले के मुख्य आरोपी पंकज सिंह,अंकित सिंह और अमित सिंह फिलहाल फरार हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। इस अंधे कत्ल और मारपीट के मामले का खुलासा करने में थाना प्रभारी अशोक पाण्डेय,उनिरी आर.पी.वर्मा,रंगदेव सिंह,आर.एस.अहिरवार, मुनेश भारती,सउनिरी श्यामलाल रावत,अजीत वर्मा,प्रआर अभिषेक पाण्डेय,महेंद्र सिंह,आशीष दुबे, आरक्षक ओम प्रकाश,नरेंद्र लोवंशी,सचिनदास,शैलेंद्र गुर्जर और सैनिक नत्थू लाल की विशेष भूमिका रही।

# ओइला आश्रमः शिव महापुराण की पूर्णाहुति पर उमड़ा जनसैलाब,भंडारे का आयोजन

**मैहर।** प्रसिद्ध ओइला आश्रम में चल रही शिव महापुराण कथा का भव्य पूर्णाहुति और हवन के साथ समापन हुआ। यह आयोजन बम महादेव जी महाराज की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर किया गया था। मंत्रोच्चार और भक्ति संगीत के बीच बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने यज्ञ में आहुति देकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। हवन के पश्चात आश्रम परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया,जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। समाजसेवी धर्मेश घई ने सभी श्रद्धालुओं से महाराज जी के चरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित करने और प्रसाद ग्रहण करने का निवेदन किया।पूरा आश्रम परिसर आज शिव भक्ति और अध्यात्म के रंग में सराबोर नजर आया।



## चित्रकला प्रतियोगिता एवं यूसी मास कार्यक्रम में शामिल हुए सांसद प्रतिनिधि



**मैहर।** स्थानीय पर्यटक सूचना केंद्र में आयोजित एक भव्य चित्रकला प्रतियोगिता में सांसद प्रतिनिधि संतोष सोनी ने शिरकत की। इस दौरान उन्होंने नन्हे बच्चों द्वारा बनाई गई कलाकृतियों को देखा और उनकी रचनात्मक प्रतिभा की सराहना करते हुए उन्हें निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। इसके पश्चात,श्री सोनी ने श्रीमती रेखा दुबे द्वारा संचालित 'गुरुकुल अबेकस क्लास' के यूसीमास कार्यक्रम में बच्चों से मुलाकात की। इस कार्यक्रम में बच्चों ने अबेकस के माध्यम से अपनी मानसिक गणना का अद्भुत प्रदर्शन किया। बच्चों ने पलक झपकते ही जोड़,घटाव,गुणा और भाग जैसे कठिन सवालों को हल किया। सांसद प्रतिनिधि ने इस नवाचारी शिक्षा पद्धति की प्रशंसा की और कहा कि इससे बच्चों की एकाग्रता और स्मरण शक्ति का तेजी से विकास होता है।

# मातृशक्ति की भूमिका से ही होगा राष्ट्र का नवनिर्माण : सुश्री रेखा



**मैहर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में विद्या भारती द्वारा 'सप्तशक्ति संगम' कार्यक्रम का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर मैहर में किया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता और बालिका शिक्षा की राष्ट्रीय संयोजिका सुश्री रेखा चूड़ासमा ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारत को बचाने और संस्कृति को अक्षुण्ण रखने के लिए मातृशक्ति की भूमिका सबसे अहम है। उन्होंने माताओं से आग्रह किया कि वे बच्चों को विदेशी संस्कृति के प्रभाव से बचाएं और उन्हें भारतीय संस्कारों के अनुरूप पालें। सुश्री रेखा ने स्वास्थ्य और पर्यावरण पर जोर देते हुए प्लास्टिक के टिफिन की जगह स्टील के बर्तनों के उपयोग और फास्ट फूड के बजाय सात्विक भोजन अपनाने की सलाह दी। कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक डॉ.चंचल नागर सहित जिले की प्रबुद्ध महिलाएं और समाजसेविकाएं उपस्थित रहीं।

# मुकुंदपुर सफारी में वन्यजीवों को वीआईपी ट्रीटमेंटः हीटर और विशेष डाइट से होगा ठंड का मुकाबला

**सतना।** कड़ाके की ठंड को देखते हुए महाराजा मार्तण्ड सिंह जूदेव व्हाइट टाइगर सफारी में वन्य प्राणियों की सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। संचालक ने बताया कि 110 वन्यजीवों को ओस और शीतलहर से बचाने के लिए वैज्ञानिक तरीके अपनाए जा रहे हैं।

### मांसाहारी जीवों के लिए

टाइगर,लायन और पैंथर के नाइटहाउस में फिन ऑयल हीटर लगाए गए हैं। शाकाहारी के लिए जमीन पर धान का पुआल बिछाया गया है और ओस से बचने के लिए अस्थाई झोपड़ियां बनाई गई हैं।

### पक्षियों का खास ख्याल

वॉक-इन एवियरी में यूवी लाइट और डाइट में अंडे-ब्रेड का मिश्रण व सनफ्लावर बीज दिए जा रहे हैं ताकि उनके शरीर में फैट बना रहे।

पर्यटकों के लिए कल भी खुला रहेगा मुकुंदपुर जू नए साल के जश्न और पर्यटकों की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। आमतौर पर बुधवार को मुकुंदपुर व्हाइट टाइगर सफारी का साप्ताहिक अवकाश रहता है,लेकिन 31 दिसंबर को यह पर्यटकों के लिए खुला रहेगा। पर्यटक साल के अंतिम दिन वन्यजीवों के दीदार का आनंद ले सकेंगे।

# सतना जंक्शन का बदलेगा स्वरूप: गतिशक्ति मिशन के तहत निर्माण कार्यों ने पकड़ी रफ्तार





**सतना।** पश्चिम मध्य रेलवे के सतना जंक्शन पर 'गतिशक्ति' परियोजना के अंतर्गत विकास कार्यों को नई ऊंचाई दी जा रही है। महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय के निर्देशों के बाद स्टेशन पुनर्विकास और निर्माण कार्यों में तेजी आई है। इस वृहद कार्य योजना के तहत न केवल नए निर्माण किए जा रहे हैं,बल्कि स्टेशन की पुरानी संरचनाओं और भवनों को आधुनिक जरूरतों के हिसाब से स्थानांतरित (आगे-पीछे) करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।

### सुरक्षा और सुविधा के लिए वीआईपी गेट हुआ बंद

रेलवे सूत्रों के अनुसार,निर्माण कार्यों की सुगमता और यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए स्टेशन का नया वीआईपी गेट कुछ समय के लिए बंद कर दिया गया है। प्लेटफार्म नंबर 1 पर यात्रियों का दबाव कम करने और आवागमन को व्यवस्थित करने के उद्देश्य से यह कदम उठाया गया है।

### यात्रियों के लिए वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था

निर्माण के दौरान यात्रियों को परेशानी न हो, इसके लिए रेलवे प्रशासन ने शिव मंदिर के समीप से एक वैकल्पिक मार्ग तैयार किया है।जब तक नई स्थाई व्यवस्था पूरी नहीं हो जाती,तब तक यात्री इसी मार्ग का उपयोग करेंगे। रविवार को रेलवे के एरिया मैनेजर,स्टेशन अधीक्षक और इंजीनियरिंग विभाग के अधिकारियों सहित गतिशक्ति टीम के इंजीनियरों ने मौके का मुआयना कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

### 'अंधेरी पुलिया' का होगा कायाकल्प,राह होगी आसान

स्टेशन के आसपास के मुख्यमार्गों को जोड़ने वाली 'अंधेरी पुलिया' की सफाई और मरम्मत का कार्य भी युद्ध स्तर पर शुरू कर दिया गया है। यह पुलिया शहर के विभिन्न मोहल्लों को स्टेशन रोड से जोड़ती है।

### मरम्मत का उद्देश्य

वर्तमान में रास्ता खराब होने के कारण यहाँ से आवागमन कम हो गया था। अब इसे दुरुस्त कर प्लेटफार्म नंबर 1 और मुख्य सड़क के बीच एक सुगम लिंक मार्ग के रूप में विकसित किया जा रहा है। रेलवे विभाग का लक्ष्य है कि निर्माण कार्यों की निरंतरता बनी रहे और यात्रियों को कम से कम असुविधा हो। आने वाले समय में इन बदलावों से सतना जंक्शन की तस्वीर पूरी तरह बदल जाएगी।

# पीएम श्री हाईस्कूल कुंजवन जनशिक्षा केन्द्र में शिक्षकों के मार्गदर्शन में प्रतिभाओं ने साबित की अपने-अपने मॉडलों के माध्यम से प्रदर्शनी में प्रतिभा

शासकीय विद्यालयों में षिक्षकों के मार्गदर्षन में जिस तरह से जनषिक्षा केन्द्र पीएम श्री विद्यालय कुंजवन में विभिन्न विद्यालयों व पीएम श्री विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने आयोजित बाल विज्ञान प्रदर्षनी में मॉडलों के माध्यम से जो अपनी-अपनी प्रतिभा साबित की है उससे स्पष्ट तौर पर यह नजर आया कि षिक्षकों के मार्गदर्षन में भावी भविष्य निष्चितौर पर हर मुकाम में सफल आयाम को लेकर तत्पर है।







पन्ना।

जिस तरह से छात्र-छात्राओं ने प्रदर्षनी में तरह-तरह से मॉडलों के माध्यम से अपनी सोच सामने प्रदर्षित की उससे यह माना जा रहा है कि षिक्षकों के सानिध्य व मार्गदर्षन में इन छात्र-छात्राओं को जिस तरह से दिषा दी जा रही है वह आने वाले समय में कहीं न कहीं इन्हीं छात्र-छात्राओं में से देष में नाम गौरवांवित करने को लेकर जाने जायेगें। जिस तरह से हर क्षेत्र में हर विषय के प्रतिभा नजर आ रही थी चाहे गणित विषय हो या भूगोल या विज्ञान सभी ने अपने-अपने क्षेत्र में जो मॉडलों के माध्यम से अपने ही गुरूजनों के सामने प्रतिभा विखेरी है वह निष्चित ही कहीं न कहीं जनषिक्षा केन्द्र से विकासखण्ड स्तरीय व जिला स्तरीय आयोजित होने वाले प्रदर्षनी में कई मॉडल जाने जायेगें। जिससे विद्यालय का नाम व छात्र-छात्राओं का नाम स्वतः स्वमेव कहीं न कहीं रोषन होगा। जिस तरह से जनषिक्षा केन्द्र कुंजवन शासकीय हाईस्कूल पीएम श्री विद्यालय में आने वाले समस्त विद्यालयों के जहां छात्र-छात्राओं के द्वारा इस आयोजन में सहभागिता के साथ अपने मॉडलों के माध्यम से अपनी दक्षता व प्रतिभा साबित की है। यह आयोजन ही बयां कर रहा था कि इसमें कई मॉडल जो इन छात्र-छात्राओं के द्वारा जो यहां रखे गये व उनके बारे में छात्र-छात्राओं ने प्रक्टिल के तौर पर सामने गतिविधि भी साबित की जिससे इनके प्रेरणादायी षिक्षकों व जिस तरह से लगन के साथ छात्र-छात्राओं ने मेहनत की व अपनी योग्यता साबित की है वह निष्चित ही सराहनीय है। इससे साफ जाहिर होता है कि षिक्षक ही हमारे विकास को दिषा दे सकते है। जिस तरह से गुरू की कृपा से ही कहीं न कहीं सफलता स्वमेव सामने आती है। वह आज यहां भी देखने को मिला शासकीय विद्यालयों में आज भी दक्ष षिक्षक जिनकी महत्ता ऐसे आयोजनों में स्वमेव झलकती है जिनके मार्गदर्षन में इनके छात्र-छात्रायें कम समय में भी कहीं न कहीं अनुकर्णीय मॉडलों के माध्यम से अपनी प्रतिभा साबित करने को लेकर जाने गये। आने वाले समय में इन्हीं में से कोई न कोई महान वैज्ञानिक व महान गणितग्ज्ञ बनकर देष को गौरवांबित करेगें।

## खबर संक्षेप

### शैक्षणिक भ्रमण पर चित्रकूट रवाना हुईं स्कूली बच्चियां



**अमानगंज**- शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमानगंज की -छात्राएं शैक्षणिक भ्रमण पर चित्रकूट के लिए रवाना हुई। यह यात्रा 29 दिसंबर 2025 को विद्यालय परिसर से शुरू हुई। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान से आगे बढ़कर प्राचीन धरोहरो का ज्ञान एवं व्यवहारिक अनुभव देना है। यात्रा को विद्यालय के प्राचार्य मनीष रेज एवं शिक्षक आशीष खरे, पुष्पेंद्र बागरी पत्रकार अमित द्विवेदी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान शिक्षकों ने बताया कि चित्रकूट भ्रमण के दौरान छात्रों को धार्मिक, ऐतिहासिक और प्राकृतिक स्थलों का भ्रमण कराकर जानकारी दी जाएगी । इससे उन्हें किताबों में पढ़ी गई बातों का प्रत्यक्ष अनुभव मिलेगा। साथ ही उनमें सांस्कृतिक विरासत के प्रति जागरूकता भी बढ़ेगी।

### नव वर्ष पर मोहन्द्रा पवई मार्ग रहेगा बंद



**पवई**- हर नव वर्ष पर पवई के मां कलेही मंदिर एवं हनुमान भाटे में एक दिवसीय मेले का आयोजन किया जाता है। मेले में जिले नहीं बल्कि दूसरे जिलों के लोग भी नव वर्ष का आगाज कलेही देवी एवं हनुमान भाटे में दर्शन करके करते हैं, जिसकी वजह से मोहन्द्रा सिमरिया मार्ग पर काफी भीड़ रहती है। इसी को लेकर सोमवार को पवई थाना प्रभारी त्रिवेंद्र त्रिवेदी के द्वारा मार्ग परिवर्तन की जानकारी देते हुए बताया गया कि एक जनवरी को सिमरिया मोहन्द्रा से पवई आने वाले लोगों को सिमरिया अमानगंज मार्ग से आना होगा,वही कटनी से दमोह सिमरिया जाने वाले लोग अमानगंज होते हुए मोहन्द्रा,सिमरिया से जाएंगे।उक्त मार्ग से आवागमन करने वाले यात्रियों को असुविधा का सामना ना करना पड़े इसीलिए परिवर्तित मार्ग का उपयोग करें।

### सरपंच कप क्रिकेट टूर्नामेंट का ग्राम पंचायत सिलधारा में हुआ भव्य शुभारम्भ



**पन्ना**। ग्राम पंचायत सिलधरा में सरपंच क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया किया गया उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सरपंच संघ पन्ना के जिलाध्यक्ष बृजमोहन सिंह विशिष्ट अतिथि धर्मेंद्र पांडे जनपद उपाध्यक्ष पन्ना अरविंद सिंह यादव पूर्व जनपद उपाध्यक्ष पन्ना प्रभा गोड जिला पंचायत सदस्य राम शिरोमणि मिश्रा सरपंच पहाड़ी खेरा राम शिरोमणि लोधी सरपंच दिया लच्छू गोड सरपंच लुहरहाई सरपंच ज्योति राजेश यादव सरपंच सिलधरा अनिल यादव उपस्थित रहे मैच के दौरान पहला मैच उमरी से पहउवा के बीच हुआ जिसमें उमरी की टीम विजेता हुई। दूसरी टीम पुतरियनपार्टी से डीसी धमाका के बीच खेला गया जिसमें विजेता पुतरियन पाटी रही इस दौरान अनेक लोग उपस्थित रहे जिसमें मुख्य रूप से राजकुमारयादव राजकुमार यादव कमलेश यादव मुन्ना अहिरवार लक्ष्मी नारायण सोनी संतोष यादव राजा देवी सिंह भीम यादव नीरज यादव अवधेश यादव जुगल यादव दिग्विजय सिंह एवं अन्य ग्रामीण जन उपस्थित हुए।

### सूबेदार पुष्पेन्द्र तिवारी की सोच से समूचे जिले में बना उदाहरण

**सिमरिया**। दनवारा ग्राम में सूबेदार क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच देखने के लिए कई किलोमीटर से आसपास के ग्रामीण और गांव वाले उमड़ पड़े एक समय ऐसा लग रहा था जैसे सबकी सांसे रुक गई हो ।

# कार्य ही सम्मान दिलाता है कर्म ही पूजा है

### अजयगढ़ थाना प्रभारी सहित पुलिस टीम का सम्मान थाना प्रांगण में बना उदाहरण




पन्ना।

अजयगढ़ थाना अंतर्गत लापता युवक नरेन्द्र यादव को अजयगढ़ पुलिस दिल्ली से खोजकर लाई व उसके माता-पिता से मिलाया तो माता-पिता ने अपनी खुषी पुलिस के सम्मान से ही बयां की। किस तरह से आज भी पुलिस हमारी मित्र है व हमारी सुरक्षा को लेकर दायित्व निभाती है तभी तो सम्मान सामने आया कर्म ही पूजा है।

निष्चितौर पर प्रथम न्याय की सीढ़ी पुलिस से ही होकर गुजरती है जब भी कोई बड़ी समस्या हमारे साथ घटित होती है तब पुलिस ही पहले न्याय को लेकर आम आदमी की उम्मीद होती है। यहां कर्म ही पूजा है यह साक्षी बना उदाहरण के तौर पर अजयगढ़ प्रांगण में विगत 18 दिसम्बर से नरेन्द्र यादव नामक युवक लापता हो गया था जिसकी खोज अजयगढ़ पुलिस के द्वारा दिल्ली से दस्तयाब करके उसके माता-पिता को सौंपा तो माता-पिता की खुषी अपने बेटे को पाने के बाद कुछ इस तरह से सामने आई जो अजयगढ़ थाना प्रांगण में मिषाल बन गई जहां थाना प्रभारी बखत सिंह ठाकुर सहित उनकी पुलिस टीम का सम्मान फूल-मालाओं के साथ लापता नरेन्द्र यादव के माता-पिता व परिजनों द्वारा जिस तरह से पुलिस का किया गया सम्मान वह पुलिस की कार्यप्रणाली का परिणाम सामने आया। जब इस तरह की घटना घटित हो जाती है तो पूरा परिवार में किस तरह सके हालात बन जाते है। भोजन पानी नसीब नहीं होता चिंतायें ही व्याप्त होती है आखिर पुलिस ने तत्परता के साथ माता-पिता की खुषी उनके बेटे को वापिस लाकर जो प्रदान की उससे उनकी खुषी उस समय झलकी जब थाना प्रांगण में फूल-मालाओं के साथ पुलिस के सम्मान में वक्त सामने आया। आखिर यहां निष्चितौर पर कर्म से ही परिणाम तय होता है जिस तरह से भगवान श्री कृष्ण ने गीता में अपने ही मुखारविंदों से कर्म को प्रधानता दी है। जिससे परिणाम की चिंता स्वय मुझ पर छोड़ने की बात कही है वह यहां स्वमेव साक्षी है। हर व्यक्ति को अपने कर्तव्य का निर्वाहन करने की जरूरत है। परिणाम तो स्वयं ईष्वर प्रदान करता है। जो आज पुलिस के सम्मान में नजर आया। वहीं पुलिस हमारी मित्र है जो सुरक्षा का दायित्व हमारे लिये अपने को संकट में डालकर निभाती है और हमें हमारी खुषियां प्रदान करती है। इस तरह से यह सोच कहीं न कहीं सभी के लिए अनुकर्णीय हैं।

# त्रिदेव के दर्शन कर करेंगे नववर्ष का आगाज

### सिद्ध स्थल हनुमान भाटे, माँ कलेही मंदिर एवं बाबा कैलाशी में नव वर्ष पर श्रद्धालुओं का लगेगा मेला आँचलिक क्षेत्रों के देवालायों मे होगा आस्था का समागम



**पवई** - बुंदेलखंड में प्रसिद्ध पन्ना जिले के पवई से 2 किलोमीटर दूर पतने नदी के किनारे स्थित दुर्गम पहाड़ी पर प्राचीन सिद्ध स्थल हनुमान भाटे स्थित है, जहां चंदेल कालीन पाषाण, अद्वितीय प्रतिमा के रूप में स्वयं श्री हरि नरसिंह,भगवान महाकाल और सिद्ध स्वरूप में श्री हनुमान जी महाराज विराजमान है। जिनके दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं वर्ष भर तांता लगा रहता है। नववर्ष पर यहां आस पास के जिले ही नहीं अपितु दूसरे प्रदेश के लोग भी लाखों की संख्या में यहां पहुंचते हैं तथा त्रिदेव के दर्शन कर अपने नए साल का आगाज करते हैं। बीते वर्षों की भांति इस वर्ष भी नूतन वर्ष पर प्राचीन सिद्ध स्थल हनुमान भाटे में लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान है। बता दें कि हनुमान भाटे पहुंचने के लिए श्रद्धालुओं को लगभग ग्यारह सौ सीढ़ियों की चढ़ाई करनी पड़ती है,तदोपरांत वह मंदिर पहुंचते है। श्रद्धालु हनुमान भाटे सड़क मार्ग के माध्यम से भी पहुंच सकते हैं। यहां पहुंचने के लिए पन्ना,कटनी दमोह,सतना आदि से सड़क मार्ग के माध्यम से पवई पहुंचकर यहां पहुंचा जा सकता है। नववर्ष यहां एक दिवसीय मेले का आयोजन भी किया जाता है,जिसमें दूर दराज के व्यापारी आकर अपना सामान विक्रय करते हैं।

**भक्तों के यहां होते हैं हर मनोरथ पूर्ण** - ऐसी मान्यता है कि जो भी श्रद्धालु भक्ति भाव व श्रद्धा भक्ति से पांच मंगलवार या शनिवार को सीढ़ियां चढ़ कर यहां अपना माथा टेकते है, जिससे उनकी सारी मनोकामना पूरी हो जाती है। इस आस्था और विश्वास के कारण यहां भक्त गण दर्शन करने के लिए पहुंचते हैं। इस स्थल को मध्य प्रदेश के पर्यटन विभाग से भी जोड़ा गया है जिससे यहां कई तरह के विकास कार्य भी हो चुके हैं।इसके साथ ही नूतन वर्ष का आगाज करने के लिए माँ कलेही मंदिर , बाबा कैलाशी सहित आँचलिक क्षेत्रों के देवालयों मे आस्था का समागम होगा जहाँ भक्त आशीर्वाद लेकर नव वर्ष की शुरुआत करेंगे।

## ठंड से बचाव के लिए गरीबों के सहारा बन रहे समाजसेवी



**अमानगंज** - समाजसेवी एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने अमानगंज अस्पताल पहुंचकर गरीब असहाय लोगों के बीच किए कंबल वितरण,पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई की जन्म जयंती के उपलक्ष में गुनौर विधायक डॉ. राजेश वर्मा के मार्गदर्शन में सोमवार को दोपहर 3 बजे भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा तथा रोगी कल्याण समिति के सदस्य प्रशांत अज्जू छिरौलिया की अगुवाई में अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर गरीब असहाय मरीजो को कंबल वितरित किए,इस दौरान प्रशांत अज्जू छिरोल्या ने बताया कि गुनौर विधायक डॉ राजेश वर्मा के मार्गदर्शन में लगातार गरीब असहाय की मदद के लिए प्रयासरत है जहां एक बार फिर आज ठंड से बचाव के लिए अस्पताल में असहाय गरीब मरीजों के बीच कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया उन्होंने कहा की इसी तरीके से गरीब असहाय लोगों की मदद के लिए हमेशा आगे आकर कार्य करते रहेंगे, भाजपा नेता मनीष तिवारी ने कहा कि ऐसे गतिविधियों से गरीब लोगों की मदद तो होती ही हैं साथ ही समाज में नई ऊर्जा का संचार होता है,ब्लाक मेडिकल ऑफिसर जयपाल अहिरवार ने कहा कि यह नगर के समाजसेवियों की अनुकरणीय पहल है जहां जरूरतमंदों के लिए मददगार साबित होगी। आज के इस कार्यक्रम में प्रशांत अज्जू छिरोलिया, मनीष तिवारी, शीलू तिवारी, चन्दन पाठक, राजदीप गोस्वामी, अमित द्विवेदी, सुजय सिंग परमार, रंजीत छिरोलिया, रविंद्र शर्मा, सौरभ तिवारी, ऋषि तिवारी, सहित समाज सेवी कार्यकर्ताओं की मौजूदगी रही।

## कलेक्टर ने टीएल बैठक में की समीक्षा

# अवैध कॉलोनियों के प्रकरण तैयार करने दिए निर्देश

पन्ना।



कलेक्टर ऊषा परमार ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में विभागवार लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे प्रयास, उर्वरक की उपलब्धता, गत कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस के विभागवार बिन्दुओं पर अपेक्षित कार्यवाही तथा पोषण पुनर्वास केन्द्रों में जेके सेम के सहयोग से न्यूट्री बॉस्केट वितरण सहित जिला हीरा कार्यालय एवं स्थानीय निर्वाचन कार्यालय को स्वयं के नवनिर्मित भवन में स्थानांतरित करने के संबंध में चर्चा की गई। इसके अलावा बगैर मूलभूत सुविधाओं के विकसित की जा रही अवैध कॉलोनियों के प्रकरण तैयार कर प्रेषित करने, हेलमेट की अनिवार्यता का पालन, पेट्रोल पम्प द्वारा बगैर हेलमेट के पेट्रोल विक्रय पर सख्ती से रोकथाम, शासकीय विभागों की विभिन्न समितियों की समय पर बैठक कराने, सड़क सुरक्षा बैठक के पालन प्रतिवेदन तथा ई-दक्ष केन्द्र के समन्वय से शेष लोकसेवकों को मिशन कर्मयोगी प्रशिक्षण करवाने के निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर श्रीमती परमार ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार किसानों की फॉर्मर आईडी बनाने के कार्य में तेजी लाएं। विभिन्न स्तरों पर इसका व्यापक प्रचार-प्रसार भी सुनिश्चित करें। उन्होंने समस्त जनपद पंचायत सीईओ को विभिन्न विकास कार्यों के निर्माण के पूर्व निर्धारित मद की भूमि पर ही कार्य आरंभ कराने के लिए कहा। टीएल बैठक में श्री जुगल किशोर महालोक निर्माण कार्य को निर्बाध रूप से संचालित रखने, रूंझ एवं मझगांय बांध स्थल से पुलिस बल की मौजूदगी में अतिक्रमण हटवाने, सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों तथा समाधान ऑनलाइन विषयों से संबंधित शिकायतों में प्रभावी कार्यवाही, न्यालयीन मामलों में जवाबदावा की स्थिति, बायपास रोड से स्थायी रूप से कचरा निस्तारण की तत्काल कार्रवाई, शासकीय कार्यालयों में आंतरिक परिवाद समितियों के गठन, मध्यान्ह भोजन के खाद्यान्न उठाव सहित दो दिवस में शत प्रतिशत पात्र हितग्राहियों को खाद्यान्न का वितरण सुनिश्चित कराने के लिए भी कहा। इस संबंध में खाद्य विभाग के अधिकारी को आवश्यक समन्वय से प्रत्येक माह की 20 तारीख तक राशन वितरण का कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। जिला कलेक्टर ने एनआरसी में नियमित रूप से कुपोषित बच्चों के दाखिले के संबंध में सुपरवाईजर को पाबंद करने तथा एसडीएम एवं तहसीलदार को निरंतर निरीक्षण के निर्देश भी दिए। इसके अलावा अधिकारियों को आवंटित छात्रावासों के सतत निरीक्षण तथा समस्त जनपद पंचायत सीईओ को बीएमओ से समन्वय कर एएनसी जांच के लिए पात्र महिलाओं की समग्र आईडी बनवाने के निर्देश भी दिए गए। टीएल बैठक में आगामी 5 जनवरी से मड़ला में प्रस्तावित मिलेट फूड फेस्टिवल एवं किसान मेला आयोजन की तैयारियों एवं रूपरेखा पर भी चर्चा की गई। बैठक में अपर कलेक्टर मधुवंतराव धुर्वे, एसडीएम संजय कुमार नागवंशी, संयुक्त कलेक्टर नरेन्द्र सिंह धुर्वे एवं अतिरिक्त सीईओ अशोक चतुर्वेदी भी उपस्थित रहे।

# सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में गरिमामय विद्यार्थी प्रतिभा सम्मान समारोह अभिभावक सम्मेलन संपन्न

### संस्कार, शिक्षा और उत्कृष्टता के समन्वय का सशक्त उदाहरण बना आयोजन

पन्ना।





मध्यप्रदेश देवेंद्रनगर स्थित सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नगर की सर्वाधिक प्राचीन, प्रतिष्ठित एवं संस्कारोन्मुख शिक्षण संस्था है। यह विद्यालय विगत दशकों से विद्यार्थियों को केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही नहीं, बल्कि अनुशासन, नैतिकता, नेतृत्व एवं राष्ट्रसेवा के मूल्यों से भी संस्कारित करता आ रहा है। विद्यालय का लक्ष्य विद्यार्थियों के चहुँमुखी विकास को केंद्र में रखकर उन्हें एक सफल, सशक्त, संस्कारी एवं जिम्मेदार नागरिक के रूप में विकसित करना है। इसी शैक्षिक परंपरा को आगे बढ़ाते हुए विद्यालय परिसर में विद्यार्थी प्रतिभा सम्मान समारोह सह अभिभावक सम्मेलन का भव्य एवं गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नागौद विधायक एवं पूर्व मंत्री नागेंद्र सिंह तथा विशिष्ट अतिथि गुनौर विधायक डॉ. राजेश वर्मा रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के छायाचित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर विधायक नागेंद्र सिंह द्वारा वर्ष 2014 में सांसद निधि से विद्यालय को प्रदत्त 5 लाख की राशि से संबंधित शिल्प पट्टिका का अनावरण किया गया। तत्पश्चात नन्हे विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समारोह को उल्लासमय एवं भावपूर्ण वातावरण प्रदान किया। कार्यक्रम में शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं विविध प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। साथ ही अभिभावकों से संवाद कर शिक्षा में संस्कारों की भूमिका, पारिवारिक सहभागिता एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर सार्थक विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के पूर्व प्रभारी प्राचार्य श्री युगल किशोर सिंह ने की। इस अवसर पर गुनौर विधायक डॉ. राजेश वर्मा ने कक्षा 10वीं (सत्र 2024-25) की बोर्ड परीक्षा में प्रदेश की टॉप-10 सूची में सातवाँ स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा प्रिया पटेल को 10,000 की पुरस्कार राशि देने की घोषणा की। वहीं संस्था के संरक्षक सदस्य फूलचंद विश्वकर्मा ने अपनी पूर्व घोषणा के अनुरूप 5,000, तथा रामभजन त्रिपाठी द्वारा 4,000 की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। डॉ. राजेश वर्मा ने विद्यालय के भौतिक एवं शैक्षिक उन्नयन हेतु विधायक निधि से 5 लाख की अतिरिक्त राशि प्रदान करने की घोषणा भी की, जिसका उपस्थित जनसमूह ने करतल ध्वनि से स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया।

खबर संक्षेप

## बकस्वाहा में स्टोन क्रेशरों का निरीक्षण, माइनिंग इंस्पेक्टर ने दिए सख्त निर्देश



**बकस्वाहा।** बकस्वाहा क्षेत्र में स्टोन क्रेशरों से उड़ती धूल के कारण लगातार बढ़ रहे सड़क हादसों की शिकायतों के बाद प्रशासन हरकत में आ गया है। दमोह मार्ग पर जुझारपुरा गांव के समीप संचालित करीब एक दर्जन स्टोन क्रेशरों की जांच के लिए माइनिंग इंस्पेक्टर प्रभा शर्मा ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने क्रेशर संचालकों को स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी कि नियमों की अनदेखी किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।
माइनिंग इंस्पेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी क्रेशरों में अनिवार्य रूप से पानी के नोजल लगाए जाएं और नियमित रूप से पानी का छिड़काव किया जाए, ताकि धूल उडने पर नियंत्रण रखा जा सके। इसके साथ ही क्रेशरों को पूरी तरह से कवर (पल्क) करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने दो टूक कहा कि यदि किसी भी क्रेशर से धूल बाहर निकलकर सड़क तक पहुंची और यातायात प्रभावित हुआ, तो संबंधित क्रेशर का संचालन तत्काल बंद कराया जाएगा और वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान प्रभा शर्मा ने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। ग्रामीणों ने बताया कि क्रेशरों से निकलने वाली धूल के कारण दृश्यता कम हो जाती है, जिससे विशेषकर दोपहिया वाहन चालकों को भारी परेशानी होती है। ठंड के मौसम में धुंध के साथ धूल मिल जाने से हालात और भी खतरनाक हो जाते हैं। माइनिंग इंस्पेक्टर ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि उनकी शिकायतों पर गंभीरता से कार्रवाई की जाएगी।
उल्लेखनीय है कि दो दिन पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष संदीप खरे सहित ग्रामीणों द्वारा तहसीलदार के माध्यम से कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया था, जिसमें दमोह मार्ग पर जुझारपुरा गांव के पास संचालित स्टोन क्रेशरों को सड़क हादसों का कारण बताया गया था। तहसीलदार द्वारा शीघ्र कार्रवाई के आश्वासन के बाद प्रशासन ने यह निरीक्षण किया।

### कलेक्टर की अध्यक्षता में टीएल बैठक संपन्न

# शिक्षकों के स्कूल समय में कक्षाओं से बाहर रहने पर होगी कार्यवाही : कलेक्टर

### सीएम हेल्पलाइन की नॉन अटेंडेड शिकायत रहने पर एक दिवस का कटेगा वेतन



**छतरपुर।** कलेक्टर पार्थ जैसवाल की अध्यक्षता में सोमवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में टीएल बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ नमः शिवाय अरजरिया, संयुक्त कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर, एसडीएम, निकायों के सीएमओ एवं जनपदों के सीईओ सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।
कलेक्टर श्री जैसवाल ने नवंबर माह की सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों की समीक्षा करते हुए वन, जल संसाधन, महिला बाल विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, राजस्व, पशुपालन विभाग को प्राथमिकता से शिकायत बंद कराने के निर्देश दिए। उन्होंने उप संचालक पशुपालन को विभाग की शिकायतों में निम्न गुणवत्ता से बंद कराने एवं नॉन अटेंडेड शिकायत रहने पर अप्रसन्नता व्यक्त की और डीडी को शोकॉज और गौरिहार पशुचिकित्सा अधिकारी की 1 दिवस की वेतन काटने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अनुसूचित जाति कल्याण विभाग की शिकायत लंबे समय से सी ग्रेड में रहने पर जिला संयोजक की वेतन रोकने के निर्देश ट्रेजरी ऑफिसर को दिए। साथ ही शिक्षा विभाग को निर्देशित किया कि कैंपों के माध्यम से 50 दिवस से अधिक की लंबित शिकायत बंद कराएं। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जो भी विभाग नॉन अटेंडेड की श्रेणी में रहेगा तो संबंधित की एक दिवस वेतन काटी जाएगी। साथ ही कलेक्टर ने नॉन अटेंडेड शिकायत रहने पर मंडी सचिव की एक दिवस की वेतन काटने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले में मंडियों, सीसीबी, मार्कफेड, प्राइवेट विक्रेताओं के पास खाद की उपलब्धता एवं वितरण की भी समीक्षा की और संबंधित एसडीएम से लॉ एंड ऑर्डर व्यवस्था के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।
कलेक्टर ने जिले की समस्त मंडियों में भावांतर योजना के किसानों को मिलने वाली द्वितीय एवं तृतीय किश्त वितरण की भी समीक्षा की। आदि कर्मयोगी अभियान के तहत आयोजित कैंपों में हितग्राहियो को मिलने वाले लाभ की समीक्षा की और जाति प्रमाण पत्र, केसीसी, आवास, आधार कार्ड, पात्रता पर्ची, उज्जवला कनेक्शन, बिजली कनेक्शन, जनधन खाते आदि के हितलाभ की जानकारी तैयार करने के निर्देश दिए। सक्षम आंगनबाड़ी केंद्रों में स्मार्ट टीवी इंस्टॉलेशन में छतरपुर एवं बड़ामलहरा जनपदों में प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए एवं शेष कार्यों में पोषण वाटिका, रेनवाटर हार्वेस्टिंग, बिजली कनेक्शन आदि के कार्य जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि जनपदों के प्रगतिरत आंगनबाड़ी भवनों के कार्य को जल्द पूर्ण कराएं और पूर्ण भवनों को हैंडओवर करें। केन बेतवा लिंक परियोजना के ढोडन बांध से संबंधित आवश्यक समस्याओं पर कार्रवाई के संबंध में राजस्व अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही सागर कबरई में भू अधिग्रहण के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

#### फिश पार्लर के कार्यों की विज्ञप्ति निकाल कर आवंटित करने के निर्देश

कलेक्टर ने एपीसी मीटिंग के बिंदुओं की समीक्षा करते हुए मत्स्य विभाग के फिश पार्लर की स्थिति की समीक्षा की। जिसमें निकायों को बने हुए कार्यों की विज्ञप्ति निकाल कर जल्द आवंटित करने के निर्देश दिए। बारीगढ़ सीएमओ को शेष 10 दिन के अंदर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही बागवानी यंत्रीकरण योजना में मिनी ट्रेक्टर, पावर टिलर, पावर स्प्रे के 18 यंत्रों की लक्ष्य पूर्ति करने के लिए हॉर्टिकल्चर अधिकारी को निर्देशित किया।

#### शालाओं के मिड डे मिल की गुणवत्ता के निरीक्षण के लिए लगाई गई अधिकारियों की ड्यूटी

कलेक्टर ने कहा कि अधिकारियों की स्कूल निरीक्षण के लिए ड्यूटी लगाई गई है जिसमें स्कूलों में मिड डे मिल की गुणवत्ता का अधिकारी निरीक्षण करेंगे और आवश्यक कमियों की रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। साथ ही कलेक्टर ने छात्रावासों के शेष अधिकारियों को निरीक्षण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि शिक्षक शाला समय में कक्षाओं से बाहर ना रहें, अन्यथा आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। बैठक में कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस के बिन्दुओं की कार्यवाहियों के संबंध में भी अधिकारियों से समीक्षा की गई।

## रात ढाई बजे दो दुकानों के ताले टूटे, सीसीटीवी में कैद हुई चोरी की घटना





**छतरपुर।** शहर के पन्ना रोड में हाईवे की दो दुकानों को चोरों ने निशाना बनाया है। रात करीब 2 बजे सीसीटीवी में दिख रहा एक चोर दुकान का ताला तोड़ता है और उसके अंदर रखे 12 हजार रुपए लेकर चंपत हो जाता है। दुकान संचालक ने थाने जाकर घटना की सूचना दी लेकिन पुलिस ने कोई महत्व नहीं दिया। यदि सूचना पर पुलिस आकर घटनास्थल का निरीक्षण करती और फिंगरप्रिंट लेने का प्रयास करती तो शायद चोर को पकडऩे में आसानी होती मगर पुलिस उदासीन बनी रही। शहर के पन्ना रोड में बजरंग नगर क्षेत्र के हनुमान जी मंदिर के पास श्री प्रकाश मिश्रा मिष्ठान भंडार एवं देवी दत्त द्विवेदी ग्रेनाइट दुकान संचालित करते हैं। रोज की तरह श्री मिश्रा दुकान बंद कर अपने घर चले गए। जब सुबह दुकान खोलने आए तो देखा कि दुकान का ताला टूटा पड़ा है। श्री मिश्र को समझने में तनिक भी देर नहीं हुई वे जान गए कि उनकी दुकान को चोरों ने निशाना बनाया है। अंदर भगवान के पास रखी गुल्लक से 12 हजार रुपए चोरी हो गए। दुकान का ताला तोडऩे और उसके अंदर जाने की घटना पास में ही लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। दुकान के बगल में ग्रेनाइट पत्थर का व्यवसाय करने वाले देवीदत्त द्विवेदी के यहां भी चोरों ने धावा बोला है। वहां से लगभग एक हजार रुपए चोरी हुए हैं। दुकान संचालक श्री प्रकाश मिश्रा रिंकू ने घटना की सूचना थाने में दी है। देखना यह है कि पुलिस हाईवे की दुकान को निशाना बनाने वाले चोरों तक कब पहुंचती है। इस घटना से पुलिस गस्ती पर भी निशान खड़े हो रहे हैं।

## मोबाइल की स्क्रीन टूटने से दुखी होकर छात्र ने खाया जहर

**छतरपुर।** जिला मुख्यालय के समीपवर्ती ग्राम गठेवरा में एक विचलित कर देने वाला मामला सामने आया है, जहां मोबाइल की स्क्रीन टूटने और उसे तुरंत न सुधरवा पाने की हताशा में एक 17 वर्षीय छात्र ने जहर खाकर अपनी जान देने की कोशिश की। फिलहाल किशोर का इलाज जिला अस्पताल में जारी है, जहां उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक सिविल लाइन थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम गठेवरा निवासी संदीप अहिरवार उम्र 17 वर्ष, जो कक्षा 10वीं का छात्र है, के मोबाइल की स्क्रीन अचानक टूट गई थी। संदीप ने अपनी मां प्रीति और पिता संतोष अहिरवार से स्क्रीन सुधरवाने की जिद की। मां ने बेटे को समझाते हुए कहा कि बेटा, अभी हाथ तंग है, पैसे आते ही स्क्रीन सुधरवा देंगे। लेकिन मोबाइल के प्रति संदीप का लगाव इतना गहरा था कि मां की यह बात उसे नागवार गुजरी। स्क्रीन टूटने के दुख और उसे न सुधरवा पाने के आवेश में आकर संदीप ने घर में रखा चूहामार जहरीला पदार्थ खा लिया। घटना के बाद बदहवास परिजन उसे तुरंत छतरपुर जिला अस्पताल लेकर आए। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे मेडिसिन वार्ड में भर्ती किया है। अस्पताल के बिस्तर पर लेटे अपने बच्चे के सिरहाने बैठी मां प्रीति का रो-रोकर बुरा हाल है। हालांकि, अब संदीप को अपनी इस भयानक गलती का एहसास हो गया है।

## क्रेशर संचालकों ने खनिज विभाग के विरुद्ध खोला मोर्चा, लगाए भ्रष्टाचार और अवैध वसूली के संगीन आरोप



**छतरपुर।** जिले के क्रेशर संचालकों ने अपनी विभिन्न मांगों और विभाग की कथित तानाशाही के विरोध में खनिज विभाग पहुँचकर अजय मिश्रा को एक ज्ञापन सौंपा। इस दौरान क्रेशर संचालकों ने विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए अधिकारियों पर खुलेआम रिश्वत मांगने और नियम विरुद्ध तरीके से परेशान करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। नौगांव जनपद अध्यक्ष हेमलता पाठक के पति और क्रेशर संचालक राकेश पाठक ने कहा कि क्रेशर उद्योग मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश दोनों सरकारों को भारी राजस्व देता है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा सिंगल विंडो सिस्टम की है, ताकि उद्योगों को बढ़ावा मिले, लेकिन स्थानीय माइनिंग अधिकारी हर क्रेशर पर फीता लेकर पहुँच जाते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इन अधिकारियों को सीमांकन की कोई ट्रेनिंग नहीं है, वे केवल पैसे वसूलने और शराब के लिए अवैध मांग करने क्रेशर पर आते हैं। पाठक ने मांग की कि इन नए अधिकारियों की आय से अधिक संपत्ति की जांच होनी चाहिए कि उनके पास इतनी महंगी गाडिय़ां और सुख-सुविधाएं कहाँ से आ रही हैं। शिकायत में यह मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया कि 15-20 साल पहले जिन खदानों का विधिवत सीमांकन तहसीलदार और माइनिंग टीम द्वारा किया गया था, उसे अब जानबूझकर विवादित बनाया जा रहा है। संचालकों का आरोप है कि अधिकारी अब किसान ऐप जैसे माध्यमों का हवाला देकर खदानों को गलत तरीके से नापते हैं और जब तक उन्हें रिश्वत नहीं दी जाती, तब तक वे गलत रिपोर्ट लिखने की धमकी देते हैं। राकेश पाठक ने स्पष्ट किया कि संचालक उसी सीमांकन पर खुदाई कर रहे हैं जो उन्हें सरकार द्वारा आवंटित किया गया था, लेकिन अधिकारी पैसे ऐंठने के लिए फर्जी नाप-जोख कर रहे हैं। क्रेशर संचालकों ने कलेक्टर और मुख्यमंत्री से मांग की है कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और माइनिंग अधिकारियों द्वारा की जा रही अनावश्यक प्रताडऩा को तत्काल रोका जाए।

## उन्नाव रेप कांड के आरोपी को फांसी देने की मांग, छतरपुर में महिला कांग्रेस ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन



**छतरपुर।** जिला महिला कांग्रेस ने आज उन्नाव रेप कांड के मुख्य आरोपी और पूर्व भाजपा नेता कुलदीप सिंह सेंगर की सजा दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा निलंबित किए जाने के फैसले पर कड़ा विरोध दर्ज कराया। शहर अध्यक्ष स्मिता खरे के नेतृत्व में महिला कांग्रेस की पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट पहुँचकर राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपा।
ज्ञापन सौंपने के दौरान महिला कांग्रेस अध्यक्ष स्मिता खरे ने कहा कि जिस तरह से उन्नाव केस की नाबालिग पीड़िता और उसके परिवार को प्रताड़ित किया गया, वह पूरे देश के सामने है। ऐसे में न्यायालय से सजा निलंबन की उम्मीद नहीं की जा सकती थी। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि इस तरह के फैसलों से न केवल न्याय व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न खड़े होते हैं, बल्कि समाज में जघन्य अपराध करने वाले अपराधियों के हौसले भी बुलंद होते हैं। कांग्रेस ने मांग की है कि पीड़िता को पूर्ण न्याय दिलाने के लिए इस निर्णय पर पुनर्विचार किया जाए और आरोपी को फांसी की सजा दी जाए। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष गगन यादव, प्रदेश सचिव अनीस खान, महिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष शिवानी चौरसिया, लक्ष्मी चौबे, रमा चौहान, धीरज मिश्रा, जानकी कुशवाहा, चंद्रमुखी चौरसिया, मंजू शर्मा, प्रियंका अग्रवाल, शवाना मिर्जा, उर्मिला अहिरवार, अदिति, संतोष तिवारी, आदित्य सिंह, मानवेंद्र सिंह, अवधेश सोनकिया, कपिल रिछारिया, देवेंद्र अडजरिया, नरेश पटेल, महेंद्र सिंह परिहार, बाबू खान, आनंद ताम्रकार, सचिन परिहार, राशिद राइन, दिलीप बुनकर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## दो दिवस के अंदर सीएम हेल्प लाईन में दर्ज शिकायतों का किया जाये निराकरण:-गौरव बैनल

### शिविर लगाकर 70 वर्ष से अधिक आयु वाले बुजुर्गो का शत प्रतिशत बनायें आयुष्मान कार्ड:-कलेक्टर



**सिंगरौली।** शिविर आयोजित कर 70 वर्ष से अधिक आयु वाले ऐसे बुजुर्ग जिनका अभी तक आयुष्मान कार्ड नही बनाया गया है शिविर लगाकर बुजुर्गो का शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाया जाना सुनिश्चित करे। तथा विभागीय अधिकारी दो दिवस के अंदर अपने विभागो से संबंधित सीएम हेल्प लाईन के शिकायतो का निराकरण कर पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करे उक्त आशय का निर्देश कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समय सीमा बैठक के दौरान कलेक्टर गौरव बैनल के द्वारा जिलाधिकारियों को दिया गया।
कलेक्टर ने 70 वर्ष से अधिक आयु वाले बुजुर्गो के बनाये जा रहे आयुष्मान कार्ड की समीक्षा करते हुयें मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए कि सभी ब्लाको में शिविर आयोजित कर छूटे हुयें बुजुर्गो का शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाया जाना सुनिश्चित करे। उन्होने निर्देश दिए कि शिविर के अलावा भी प्रति दिवस सीएचओ 10 बुजुर्गो का आयुष्मान कार्ड बनाये तथा आशा कार्यकर्ता 5 आयुष्मान कार्ड बनाकर प्रति दिवस की जानकारी से अवगत करायेगे। कलेक्टर ने यह भी निर्देश दिए कि जिले संचालित कितने चिकत्सालयो में आयुश्मान कार्ड मान्य है उनके संचालको की बैठक भी करायें। कलेक्टर ने वृहद पेयजल योजना के तीनो इकाई के प्रगति की समीक्षा करते हुयें निर्देश दिए कि निर्धारित समय सीमा के अंदर कार्य पूर्ण कर पेयजल उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करे। उन्होने विद्युत विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए कि चितरंगी क्षेत्रांतर्गत सीएसआर मद से किए जा रहे विद्युतीकरण कार्य में तेजी लाये साथ ही हर सप्ताह विद्युतीकरण कार्य की समीक्षा करे ताकि कार्य समय पर पूर्ण किया जा सके।
कलेक्टर ने जिला परिवहन अधिकारी को निर्देश दिए कि सघन जॉच अभियान की कार्यवाही चलती रहे साथ ही ऐसी पुराने बसे जो खराब स्थिति में लेकिन यात्रियो का परिवहन कर रही ऐसे बसो की जॉच करे। वही जिला शिक्षा अधिकारी को विगत वर्ष की तुलना में इस वर्ष बोर्ड परीक्षा का परिणाम बेहतर रहे इसके लिए विद्यार्थियों को विषयों का रिविजन कराये। साथ चल रहे कोचिंग क्लासेस के संबंध में जानकारी ली। बैठक में धान उपार्जन एवं परिवहन की जानकारी लेने के पश्चात निर्देश दिए कि परिवहन कार्य में तेजी लायें तथा मौसम को दृष्टिगत रखते हुयें उपार्जन केन्द्रो में तिरपाल की समुचित व्यवस्था रखे ताकि आकास्मिक वर्षा के दौरान धान भीगे नही।
कलेक्टर ने कलेक्टर ने प्रदूषण नियंत्रण अधिकारी को निर्देश दिए कि एक्यूआई की विगत पिछले माह के आकड़े प्रस्तुत करे साथ ही सुनिश्चित करे आकड़ो में एक्यूआई के सभी घटको की मानीटरिंग स्टेसनवार अंकित किया जायें। कलेक्टर ने नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिए कि शहर के चौराहो के सौदर्यीकरण हेतु जिले में कार्यरत औद्योगिक कम्पनियों को आवंटित किया गया है जिन्हे कम्पनियों द्वारा सीएसआर मद से कराया जायेगा। कम्पनियों को आवश्कता अनुसार सहयोग प्रदान करे। उन्होने सहायक आयुक्त जन जाति कार्य विभाग को निर्देश दिए कि विगत माह के दौरान छात्रावासो के निरीक्षण हेतु अधिकारियो को निर्देश दिया गया था। उक्त संबंध में अधिकारियो द्वारा पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस पालन प्रतिवेदन के अनुसार छात्रावासो में आवश्यक रूप से किए जाने वाले मरम्मत कार्यो का प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करे ताकि छात्रावासो में जो भी कमिया है उन्हे दूर कराया जा सके। साथ ही सभी उपखण्ड अधिकारियों को निर्देश दिए कि भू अर्जन से संबंधित प्रकरणो का समय पर निराकरण किया जाना सुनिश्चित करे। कलेक्टर ने सीएम हेल्प लाईन एवं टीएल में लंबित आवेदनो के निराकरण की समीक्षा करते हुयें निर्देश दिए कि सीएम हेल्प लाईन में लंबित 50 दिवस, 100 दिवस, 500 दिवस की लंबित शिकायतो के साथ साथ नवम्बर एवं दिसम्बर माह की लंबित शिकायतों का दो दिवस के अंदर निराकरण कर विभागीय अधिकारी पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करे।
बैठक के अंत में कलेक्टर ने यह भी निर्देश दिए कि शासन की जो भी जन कल्याणकारी योजनाए है पात्र हितग्राहियों को शत प्रतिशत लाभ दिया जाना सुनिश्चित करे। वही एलडीएम को निर्देश दिया गया कि हितग्राही मूलक योजनाओ संबंधित जिन बैको में प्रकरण लंबित है उनका निराकरण कराकर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत करे यदि आवश्यक हो तो बैठक भी आयोजित कराये कोई प्रकरण बैको में लंबित न रहे आगामी बैठक में पालन प्रतिवेदन भी प्रस्तुत करे। बैठक के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जगदीश गोमे, संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डेय, एसडीएम देवसर अखिलेश सिंह, एसडीएम चितरंगी सौरभ मिश्रा, एसडीएम माड़ा नंदन तिवारी, डिप्टी कलेक्टर माइकेल तिर्की, नगर निगम आयुक्त सविता प्रधान, जिला परिवहन अधिकारी बिक्रम सिंह राठौर, जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी अरविंद डामोर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पुष्पराज सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी एसबी सिंह, डीपीसी आर.एल शुक्ला, उपायुक्त सहकारिता पी.के मिश्रा, खनिज अधिकारी आकांक्षा पटेल, सहित जिलाधिकारी उपस्थित रहे।

## जिले के भ्रमण पर आये भारतीय प्रशानिक सेवा के नव प्रशिक्षु अधिकारी कलेक्टर से हुये रूबरू

### क्षेत्र भ्रमण के माध्यम से कोल एवं उर्जा उत्पादन की बारीकियों को जाना



**सिंगरौली।** जिले के भ्रमण पर आये हुये भारतीय प्रशासनिक सेवा के 7 प्रशिक्षु अधिकारियों ने कलेक्टर गौरव बैनल से मुलाकात की। कलेक्टर ने प्रशिक्षु अधिकारियों को सिंगरौली जिले में स्थित कोल परियोजनाओ एवं उनके उत्पादन कार्यो के साथ साथ थर्मल पावर प्लांटो के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होने कहा कि माइनिंग सेक्टर सिंगरौली की आर्थिक व्यवस्था की रीढ़ है। माइनिंग के साथ साथ उससे जुड़े परिवहन, लेबर उद्योग एवं पर्यवरण से संबंधित विषयों पर भी विस्तार पूर्वक अवगत कराया। वही आये हुयें प्रशिक्षु अधिकारियो द्वारा कोल परियोजनाओ एवं एनटीपीसी सहित अन्य उर्जा उत्पादन कम्पनियों का भ्रमण कर बारीकियों को जाना। बैठक के दौरान संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डेय, एसडीएम सुरेश जाधव, डिप्टी कलेक्टर माइकेल तिर्की, खनिज अधिकारी आकांक्षा पटेल उपस्थित रहे।

## एनटीपीसी विंध्याचल में जेम 2025 शीतकालीन सत्र का शुभारंभ




**सिंगरौली।** एनटीपीसी विंध्याचल ने 29 दिसंबर 2025 को क्षेत्रीय ज्ञानार्जन संस्थान (RLI) में बालिका सशक्तिकरण अभियान 2025 के शीतकालीन सत्र का उत्साहपूर्वक शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में श्री संजीब कुमार साहा, परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्रबंधन के अनेक अधिकारी भी गरिमामयी रूप से शामिल हुए, जिनमें श्री ए.जे. राजकुमार, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), श्री एस.के. सिन्हा, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं एफएम), डॉ. बी.के. भराली, महाप्रबंधक (चिकित्सा सेवाएं), श्री देबब्रत त्रिपाठी, महाप्रबंधक (तकनीकी सेवाएं), श्रीमती रूमा दे शर्मा, मानव संसाधन प्रमुख (विंध्याचल) तथा श्री राकेश अरोड़ा, निदेशक (मानव संसाधन) के विशेष सलाहकारशामिल रहे।कार्यक्रम में सुहासिनी संघ की गणमान्य सदस्याओं की भी उपस्थिति रही, जिनमें श्रीमती चित्रलेखा साहा, अध्यक्षा (सुहासिनी संघ), श्रीमती निशी सिन्हा, प्रभारी (कल्याण शाखा) तथा श्रीमती शिल्पा कोहली, महासचिव (सुहासिनी संघ) शामिल रहीं। इसके अतिरिक्त मानव संसाधन एवं सीएसआर विभाग के प्रतिनिधियों की सशक्त भागीदारी देखने को मिली, जिनमें श्रीमती मृणालिनी, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन), श्री प्रणव वर्मा, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन), श्री माहताब आलम, उप महाप्रबंधक (सीएसआर/आर एंड आर), श्रीमती पूर्णिमा चतुर्वेदी, वरिष्ठ प्रबंधक (मानव संसाधन) तथा श्री निखिल जायसवाल, कार्यपालक (सीएसआर) प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। यह सहभागिता इस पहल के प्रति संस्थान की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन एवं एनटीपीसी गीत के साथ हुआ, जिससे वातावरण प्रेरणादायक बन गया। हीरोमाइंड माइंड्स की समन्वयक सुश्री आस्था ने शीतकालीन सत्र के दौरान प्रस्तावित गतिविधियों की जानकारी दी, जिनका उद्देश्य प्रतिभागी बालिकाओं का सर्वांगीण विकास, आत्मविश्वास निर्माण एवं जीवन कौशल को सुदृढ़ करना है। इस अवसर पर जेम 2025 के ग्रीष्मकालीन सत्र की झलकियों पर आधारित एक लघु फिल्म भी प्रदर्शित की गई। सभा को संबोधित करते हुए सुश्री रूमा दे शर्मा, मानव संसाधन प्रमुख (विंध्याचल), ने जेम कार्यक्रम के प्रति एनटीपीसी विंध्याचल के सतत, प्रभावशाली एवं महत्वपूर्ण योगदान को रेखांकित किया। मुख्य अतिथि श्री संजीब कुमार साहा ने अपने संबोधन में कहा कि जेम एक परिवर्तनकारी पहल है, जो न केवल बालिकाओं के सपनों को साकार करती है, बल्कि उनके परिवारों, समुदायों और अंततः राष्ट्र के विकास में भी सकारात्मक भूमिका निभाती है।

## एनसीएल में महिला खेलकूद प्रतियोगिता 'निरामया 2.0' का हुआ भव्य शुभारंभ

**सिंगरौली।** नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, सीईटीआई परिसर में सोमवार को दो दिवसीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता 'निरामया 2.0' का शुभारंभ हुआ। एनसीएल परिवार की महिलाओं की प्रतिभा को निखारने एवं उन्हें सशक्त बनाने के उद्देश्य से आयोजित इस प्रतियोगिता का उद्घाटन सिलोस प्रेसिडेंट एवं कृति महिला मंडल की अध्यक्षा बी.के. दुर्गा ने वीसी के माध्यम से किया।इस अवसर पर कृति महिला मंडल की उपाध्यक्षा नम्रता कुमार, संगीता नारायण, वीणा सिंह, शीला द्विवेदी, रूबी जायसवाल सहित महिला मंडल की अन्य सदस्याएं उपस्थित रहीं।'निरामया 2.0' के अंतर्गत बैडमिंटन, कैरम, लूडो, 50 मीटर दौड़, कबड्डी, रिले रेस, रस्साकशी एवं बैलेंस द ग्लास जैसे विभिन्न खेलों का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में पाँच टीमों के लगभग 45 प्रतिभागी उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं।यह खेलकूद प्रतियोगिता गृहिणियों एवं एनसीएल परिवार की महिलाओं की प्रतिभा को मंच प्रदान करने के साथ-साथ नारी सशक्तिकरण एवं महिला चेतना की दिशा में एनसीएल के सतत प्रयासों को भी रेखांकित करती है। प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों में जबरदस्त उत्साह एवं खेल भावना देखने को मिल रही है। इस दो दिवसीय प्रतियोगिता का समापन मंगलवार को सिंगरौली स्टेडियम में किया जाएगा।



## खबर संक्षेप

### उपार्जन में लापरवाही में एक निलंबित, दो को मिला नोटिस

**रीवा**। जिले भर में निर्धारित खरीदी केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन किया जा रहा है। उपार्जन की राजस्व अधिकारियों तथा अन्य अधिकारियों द्वारा खरीदी केन्द्रों का भ्रमण करके निगरानी की जा रही है। इस संबंध में अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी ने बताया कि एसडीएम त्योंथर पीएस त्रिपाठी द्वारा खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। खरीदी केन्द्र चन्द्रपुर में प्रदीप तिवारी तथा समिति प्रबंधक परसिया शैलेन्द्र तिवारी द्वारा बड़ी मात्रा में अवैध धान का भण्डारण पाया गया। इसे गंभीर अनियमितता मानते हुए एसडीएम ने दोषियों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही एसडीएम ने उपार्जन केन्द्र परसिया क्रमांक एक के नोडल अधिकारी रामरती देवी एवं परसिया क्रमांक दो के नोडल अधिकारी ऊषा वर्मा को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। अपर कलेक्टर ने बताया कि तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार द्वारा 27 दिसम्बर को खरीदी केन्द्र बड़ागांव का निरीक्षण किया गया। यहाँ भी भारी मात्रा में अवैध धान का भण्डारण पाया गया। एसडीएम त्योंथर ने इस संबंध में कार्यवाही करते हुए धान का भण्डारण करने वाले प्रमोद तिवारी तथा समिति प्रबंधक अमाव राजेन्द्र प्रसाद शर्मा के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी को दिए हैं। एसडीएम ने उपार्जन में गंभीर लापरवाही बरतने पर अमाव क्रमांक दो खरीदी केन्द्र के नोडल अधिकारी रवि कुमार कृषि विस्तार अधिकारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश दिए हैं। इसी तरह तहसील सिरमौर में मझगवां में व्यापारी महेन्द्र गुप्ता के मकान से भी बड़ी मात्रा में अवैध रूप से भण्डारित धान जप्त की गई। महेन्द्र गुप्ता को भी धान के अवैध भण्डारण के संबंध में कारण बताओ नोटिस देकर कार्यवाही की जा रही है।

### सीएम राइज स्कूल के व्याख्याता को बिना कलेक्टर अनुमोदन सौंपा गया बीईओ का प्रभार, त्योथर में बीईओ प्रभार को लेकर विवाद, वरिष्ठ प्राचार्य ने नियमविरुद्ध नियुक्ति का लगाया आरोप

**रीवा**। विकासखंड त्योंथर में खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) के प्रभार विवादों के घेरे में आ गया है। बता दे शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल चाकघाट के प्राचार्य इंद्रदेव सिंह ने इस पूरे मामले की औपचारिक शिकायत संभागीय आयुक्त, कलेक्टर, जिला शिक्षा अधिकारी तथा संयुक्त संचालक लोक शिक्षा संस्थान, रीवा संभाग से की है। शिकायत में उन्होंने बीईओ प्रभार आवंटन को नियमविरुद्ध बताते हुए प्रशासनिक हस्तक्षेप की मांग की है। प्राचार्य इंद्रदेव सिंह का कहना है कि वे विकासखंड त्योंथर में पदस्थ सबसे वरिष्ठ हायर सेकेंडरी स्कूल प्राचार्य हैं। इसके बावजूद बीईओ त्योंथर का प्रभार नागेश्वर प्रसाद शर्मा, व्याख्याता (गणित) सीएम राइज हायर सेकेंडरी स्कूल त्योंथर को सौंप दिया गया, जो विभागीय नियमों के विरुद्ध है। उन्होंने शिकायत में स्पष्ट किया है कि विभागीय निर्देशों के अनुसार सीएम राइज विद्यालयों में पदस्थ शिक्षकों को किसी भी प्रकार का अतिरिक्त प्रभार नहीं दिया जाना चाहिए। इसके बावजूद सीएम राइज स्कूल में पदस्थ व्याख्याता को बीईओ का प्रभार सौंपे जाने से न केवल नियमों की अनदेखी हुई है, बल्कि शिक्षण कार्य भी बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। गणित जैसे महत्वपूर्ण विषय के व्याख्याता के प्रशासनिक कार्यों में संलग्न होने से छात्रों की पढ़ाई पर सीधा असर पड़ेगा,शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि नागेश्वर प्रसाद शर्मा को बीईओ त्योंथर का प्रभार कलेक्टर के अनुमोदन के बिना ही दे दिया गया, जो प्रशासनिक प्रक्रिया का स्पष्ट उल्लंघन है। प्राचार्य इंद्रदेव सिंह ने अपने पक्ष में संचालक लोक शिक्षण भोपाल के पत्र क्रमांक स्थापना1/राज/बी/56/2025/1410, दिनांक 09 सितंबर 2025 का हवाला भी दिया है। इस पत्र में विकासखंड हनुमना एवं सिरमौर के प्रकरण में स्पष्ट रूप से वरिष्ठ उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य का नाम बीईओ प्रभार के लिए मांगा गया है।

# झोलाछापों के पास न लाइसेंस न डिग्री, फिर भी कर रहे इलाज, डॉक्टर का बोर्ड लगाकर कर रहे जनता से लूट

## आए दिन सामने आ रहे मामले, पूरे जिले में चल रहे सैकड़ों क्लीनिक पर नहीं है नजर, जान के साथ हो रहा खिलवाड़



रीवा

इलाज के नाम पर भी जिले में फर्जीवाड़ा का दौर तेजी से चल रहा है। गांव के भोले भाले ग्रामीण इनके चक्कर में फस कर हजारों रुपए कर देते हैं और उसके बाद भी सही इसान नहीं मिल जाए, कई बार तो लोगों को अपनी जान भी गंवानी पड़ जाती है। सबसे बड़ी बात तो यह है कि इस मामले में मिला प्रशासन अथवा स्वारथ्य महकया भी पर्यात रूप से गंभीर नहीं है, जिसकी वजह से इस तया की विनिकों का संचालन भाइले से जाती है। जिला मुख्यालय रीवा के साथ ही तमाम चामीण इलाकों में इस तरह की दर्जन घर में ज्यादा ब्लीनिक सड़क के किनारे संचालित है। क्लीनिक चाहने वाले लोगों ने बाकारपदे बकरी का बोर्ड लगा रखा है। डॉक्टर का नाम भी लिख रखा है, लेकिन ना तो संबंधित डॉक्टर की जियी लिखी हुई है और ना ही उनका पंजीयन क्रमांक इस वात की जानकारी प्रशासन को भी दी गई है लेकिन दुभाग्यपूर्ण की बात यह है कि प्रशासनिक अमला अथवा सहस्ण विभाग की जांच टीम इस क्षेत्र में आज तक कभी निरीक्षण करने नही पहुंची। झल्का परिणाम यह हुआ कि अब और क्लीनिक खुल गई।हर माह जाती है रकमबता दे की समूचे जिले में हजारों क्लीनिक ऐसी संचालित हो रही है जिनके पास किसी प्रकार का कोई रजिस्ट्रेशन नहीं है और जो चिकित्सक वहां पर बैठ रहा है उसका कहीं कोई पंजीयन नहीं है। सूत्र तो यह भी बताते हैं कि यह सभी चिकित्सक कहीं ना कहीं किसी राजनेता से भी जुड़े हुए है। जिसकी रसूख के चलते संबंधित विभागों के अधिकारी कार्यवाही नहीं कर पाते हैं। यह भी बताया गया है कि क्लीनिक का संचालन करने वाले इन चिकित्सकों की शहर में ही झोलाछाप डॉक्टर कम से कम दो से तीन क्लीनिक स्थापित है। जहां वह अलग-अलग समय पर अपनी उपस्थिति देते हैं और मरीजों से लूट का खसोट करते हैं।जांच के नाम पर रवाना पूर्तिबीते दिनों स्वास्थ्य विभाग के अमले ने कार्यवाही भी की थी। जब छापामार कार्यवाही हुई तो संबंधित चिकित्सक क्लीनिक छोड़कर भाग गया था। इस संबंध में सीएमएचओ ने बयान भी जारी किया था कि संबंधित व्यक्ति के पास ना तो लाइसेंस है और ना ही किसी प्रकार का कोई रजिस्ट्रेशन। लिहाजा वह चिकित्सकीय व्यवसाय अपना ही नहीं सकता। इसके बावजूद इस क्षेत्र में नीम हकीम और झोलाछाप डॉक्टरों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। अब देखना यह है कि स्थानीय प्रशासन इस दिशा में कितनी पहल करता है और कितने झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ कार्यवाही कर अपना शिकंजा कसता है।चढ़ाते हैं बोतल और चलता है गर्भपात का सिलसिला बताया गया है कि इन इलाज केंद्रों में एलोपैथी दवा दिए जाने के साथ क्लीनिक में ड्रिप चढ़ाई जाती है। पैसो के चक्कर में एडमिट भी कर लेते है जबकि मेडिकल नियमों के अनुसार ऐसा करना अपराध में आता है। क्लिनिक की आड़ में गर्भपात जैसे काम होते है, कहा तो यह तक जाता है कि प्रतिदिन इस क्षेत्र में 5 से 7 गर्भपात किए जाते है। भाजपा सरकार इसकी सख्त विरोधी है फिर भी इनकी सरकार में ऐसे काम खुले आम हो रहे है। सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह भी है कि अभी हाल फिलहाल जिले के कई क्षेत्रों में छापा तो डाला गया और कार्यवाही भी हुई लेकिन यह सब कागजों तक ही सीमित होकर रह गया। जिसकी वजह से जिले भर में एक बार फिर झोला छाप डाक्टर सक्रिय हो रहे है। इन झोलाछापों का इलाज जान पर भारी पड़ सकता है। झोलाछाप चिकित्सकों द्वारा मरीजों का आर्थिक शोषण करने के साथ ही उनके स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की अनदेखी गौरतलब हो कि क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की उदासीनता के कारण शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में बिना किसी चिकित्सकीय पढ़ाई किए फर्जी चिकित्सक बिना किसी भय के अपनी क्लीनिक खोल कर इलाज कर रहे है और उनसे मनमानी फीस वसूल कर अपनी जेबों को भर रहे है। इसके अलावा झोलाछाप चिकित्सक अपनी क्लीनिक में बड़े बड़े बोर्ड लगाकर खुले आम प्रशासन को अंगूठा दिखा कर लोगों का इलाज कर रहे है। बिना डिग्री के इलाज कर रहे हैं। आरएमपी यानि रजिस्टर्ड मेडिकल प्रैक्टिशनर का सर्टिफिकेट लिए 12वीं पास झोलाछाप डॉक्टर धड़ल्ले से एलोपैथी दवा और इंजेक्शन के जरिए लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ कर रहे हैं। सस्ते इलाज के झांसे में आकर लोग भी अपनी जिंदगी दांव पर लगा रहे हैं। 15-20 सालों से इलाज कर रहे झोलाछाप डॉक्टर किसी कायदे कानून को भी नहीं मानते, उनके लिए डॉक्टरी के लिए किसी डिग्री की जरूरत नहीं। सिर्फ एक्सपीरियंस ही उनका सर्टिफिकेट हैं।



### स्लीमनाबाद टनल परियोजना के कार्यों की उप मुख्यमंत्री ने की समीक्षा, आगामी रबी सीजन में खेत तक सिंचाई जल की उपलब्धता के दिए निर्देश

**रीवा**। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय में स्लीमनाबाद टनल परियोजना के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में परियोजना की प्रगति, तकनीकी पहलुओं, समय-सीमा एवं जल आपूर्ति से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने अपर मुख्य सचिव, जल संसाधन विभाग डॉ. राजेश राजोरा को निर्देश दिए कि परियोजना के कार्यों की नियमित एवं प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब न हो। उन्होंने कहा कि स्लीमनाबाद टनल परियोजना को आगामी रबी सीजन तक अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाए। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि राज्य सरकार किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है और सिंचाई परियोजनाओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित करना सरकार की प्रतिबद्धता है। स्लीमनाबाद टनल परियोजना के पूर्ण होने से सतना-मैहर क्षेत्र की कृषि उत्पादकता बढ़ेगी और किसानों की आय में वृद्धि होगी। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि परियोजना का मुख्य उद्देश्य किसानों को समय पर सिंचाई जल उपलब्ध कराना है, इसलिए यह सुनिश्चित किया जाए कि पानी खेत तक पहुंचे और किसानों को इसका वास्तविक लाभ मिले। उन्होंने निर्देश दिए कि टनल के साथ-साथ संबंधित वितरण प्रणाली, नहरों एवं फील्ड चैनलों के कार्यों को भी समानांतर रूप से पूर्ण किया जाए, ताकि परियोजना पूर्ण होते ही जल आपूर्ति प्रारंभ की जा सके।

## कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए शिविर लगाएं अत्याचार पीड़ितों को हर संभव सहायता दें - प्रभारी कलेक्टर



**रीवा**। कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत गठित जिला स्तरीय सतर्कता और सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रभारी कलेक्टर डॉ सौरभ सोनवणे ने कहा कि समिति की बैठक में दिए गए निर्देशों का तत्परता से पालन करें। अनुसूचित जाति और जनजाति बहुल क्षेत्रों में कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए शिविर लगाएं। इसमें एसडीएम, एसडीओपी और जिला स्तर के अधिकारी उपस्थित रहें। अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत दर्ज प्रकरणों में पीड़ितों को हर संभव सहायता प्रदान करें। जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग पीड़ितों को राहत राशि वितरण के लिए आवंटन की तत्काल मांग करें। सभी अनुभागों में भी बैठकों का नियमित रूप से आयोजन कराएं। पुलिस अधिकारी सभी दर्ज प्रकरणों में तत्काल चालान प्रस्तुत कर दें जिससे पीड़ितों को राहत राशि स्वीकृत की जा सके। बैठक में प्रभारी कलेक्टर ने कहा कि अनुसूचित जाति तथा जनजाति से संबंधित 1531 प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किए गए हैं। इस वर्ष 21 आरोपी दोषमुक्त किए गए हैं तथा पाँच प्रकरणों में सजा दी गई है। पुलिस अधिकारी तथा जनजातीय कार्य विभाग के अधिकारी प्रकरणों से जुड़े गवाहों को शासकीय अधिवक्ता के माध्यम से निर्भय होकर गवाही देने के लिए प्रेरित करें। बैठक में समिति के सदस्य विधायक मनगवां इंजी. नरेन्द्र प्रजापति ने कहा कि बैठक से 15 दिवस पूर्व बैठक का एजेण्डा और कार्यवाही विवरण सदस्यों को उपलब्ध कराएं। पत्र के साथ-साथ मोबाइल फोन के माध्यम से भी बैठक के आयोजन की सूचना दें। अनुसूचित जाति और जनजाति के पीड़ितों के लिए राहत राशि आवंटन की जानकारी दें जिससे शासन से पर्याप्त आवंटन प्राप्त करने के लिए प्रयास किया जा सके। अनुसूचित जाति-जनजाति की पीड़ित महिला को पात्र होने पर विवाह सहायता उपलब्ध कराएं। बैठक में विधायक रीवा के प्रतिनिधि राजेश पाण्डेय ने कहा कि अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत रीवा में बड़ी संख्या में प्रकरण लंबित हैं। नवगठित मऊगंज जिले में पृथक से न्यायालय स्थापित करने की मांग की जाए जिससे मऊगंज से संबंधित अनुसूचित जाति जनजाति के प्रकरण की सुनवाई मऊगंज में ही हो सके। दूरस्थ बस्तियों में जागरूकता शिविर आयोजित करें। बैठक में प्रभारी जिला संयोजक रूचि तिवारी ने एजेण्डा बिन्दुओं की जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष अनुसूचित जाति के दर्ज 259 प्रकरणों में से 208 में तथा अनुसूचित जनजाति के 134 प्रकरणों में से 114 में राहत राशि का वितरण कर दिया गया है। शेष प्रकरण आवंटन न होने से भुगतान के लिए लंबित हैं। गवाहों और पीड़ितों को मजदूरी तथा किराये के लिए भी वर्तमान में आवंटन उपलब्ध नहीं है। बैठक में एसडीओपी उदित मिश्रा तथा समिति के सदस्यगण उपस्थित रहे।

### वेयरहाउस एसोसिएशन की बैठक संपन्न, भुगतान न होने से संचालक परेशान, मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने का निर्णय



**रीवा**। शहर के एक निजी स्टार होटल में रविवार को वेयरहाउस एसोसिएशन की एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में वेयरहाउस संचालकों से जुड़ी गंभीर समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। वेयर हाउस एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ पन्नालाल अवस्थी ने बताया कि सरकार द्वारा कई महीनों से वेयरहाउसों का किराया भुगतान नहीं किया जा रहा है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। बैठक में बताया गया कि किराया न मिलने के कारण कई वेयरहाउस संचालक बैंक की किस्तें तक नहीं चुका पा रहे हैं। हालात इतने खराब हो गए हैं कि वेयरहाउसों में तैनात सुरक्षा गार्ड, मैनेजर और अन्य कर्मचारियों का मासिक वेतन संचालकों को अपनी जेब से देना पड़ रहा है। इससे संचालकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ गया है। एसोसिएशन के सदस्यों ने नान (नागरिक आपूर्ति निगम) के मैनेजरों पर भी गंभीर आरोप लगाए। उनका कहना है कि संबंधित अधिकारी डिजिटल सिग्नेचर नहीं कर रहे हैं, जिसके चलते वेयरहाउसों के बिल रीवा में ही अटके रहते हैं और भोपाल तक नहीं पहुंच पाते। जो बिल किसी तरह भोपाल पहुंच भी जाते हैं, उनका भुगतान सरकार द्वारा नहीं किया जा रहा है। इससे वेयरहाउस संचालक लगातार भुगतान के लिए भटकने को मजबूर हैं। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इन सभी समस्याओं को लेकर मंगलवार को मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। एसोसिएशन ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते समस्याओं का समाधान नहीं किया गया और भुगतान प्रक्रिया में सुधार नहीं हुआ, तो प्रदेशभर में वेयरहाउस संचालक उग्र आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। वेयरहाउस एसोसिएशन ने सरकार से शीघ्र किराया भुगतान, लंबित बिलों के निपटारे और डिजिटल सिग्नेचर की प्रक्रिया को सरल व समयबद्ध करने की मांग की है, ताकि वेयरहाउस संचालकों को राहत मिल सके और सार्वजनिक वितरण प्रणाली भी सुचारु रूप से संचालित हो सके बैठक मे मुख्य रूप से एस के पाण्डेय,नृपेन्द्र सिंह पिन्टू,सी एम शुक्ला,गौरव सिंह,रूपेश सिंह सहित कई वेयर हाउस संचालक उपस्थित रहे।

### खेलते खेलते पानी के टैंक में गिरी मासूम, हुई मौत, जरा सी लापरवाही बनी बच्ची की मौत की वजह

**रीवा**। शहर के बिछिया थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कन्नौजी में हुए एक दर्दनाक हादसे में 4 वर्षी मासूम काल के गाल में समा गई घटना की सूचना पर पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है घटना के संबंध में मृतका श्रेया सागर उम्र 4 वर्ष के पिता राज बहोर साकेत ने जानकारी देते हुए बताया कि वह कन्नौजी गांव के निवासी हैं, बीते दिवस करीब ढाई बजे वह काम पर चले गए थे और घर में उनकी मां और बेटी श्रेया थी, राज बहोर में बताया कि दोपहर तकरीबन 2:30 बजे मां ने टैंक से पानी निकालने के लिए उसके ढक्कन को खोल दिया और पानी निकाल कर दूसरी तरफ चली गई, इसी दौरान पास ही खेल रही उनकी बेटी श्रेया पानी के टैंक में जा गिरी कुछ देर बाद जब बेटी कहीं नजर नहीं आई तो उसकी तलाश शुरू की गई तो बच्ची टैंक के अंदर गिरी मिली,उसे तत्काल बाहर निकला गया और उपचार के लिए अस्पताल लाया गया जहां उपचार के दौरान बच्ची ने दम तोड़ दिया है।

### बिना लायसेंस मेडिकल स्टोर का संचालन अवैधानिक

**रीवा**। बिना लायसेंस प्राप्त किये आयुर्वेद दवा, होम्योपैथी दवा का निर्माण एवं मेडिकल स्टोर का संचालन अवैधानिक है। जिला आयुष अधिकारी डॉ. शारदा मिश्रा ने जनसामान्य से अपील की है कि अपने आसपास ऐसे अवैध आयुर्वेदिक व होम्योपैथिक दवा निर्माण एवं मेडिकल स्टोर के संचालन की सूचना कार्यालय को दें ताकि संबंधितों के विरूद्ध कार्यवाही की जा सके।

## पचमढ़ी से भी ठंडा रीवा, 3.2 डिग्री पहुंचा तापमान, नव वर्ष में भी जारी रहेगा ठंड का रौद्र रूप



**रीवा**। जिले में कड़ाके की सर्दी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। खास बात यह है कि इस बार विंध्य क्षेत्र का रीवा शहर ठंड में प्रदेश के हिल स्टेशन पचमढ़ी से भी आगे निकल गया है। रीवा में रात का न्यूनतम तापमान 3.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जबकि पचमढ़ी में यह 3.8 डिग्री रहा। तेज ठंड और गिरते तापमान के चलते लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है। सुबह और रात के समय घना कोहरा और शीतलहर का असर साफ दिखाई दे रहा है। मौसम विभाग में रीवा प्रदेश के सबसे ठंडे शहरों में शामिल हो गया है, जहां सर्दी ने रिकॉर्ड तोड़ दस्तक दे दी है। बता दे कि रीवा में ठंड का डबल अटैक चालू है, उत्तर भारत की हवाओं ने ठिठुरन बढ़ाई है और पारा 4 डिग्री से नीचे आ गया है, कड़ाके की ठंड और घने कोहरे के कारण ठिठुरन बढ़ गई है। रीवा 3.2 डिग्री के साथ सबसे ठंडा जिला बना। उत्तर भारत से आ रही बर्फीली हवाओं ने प्रदेश में ठिठुरन बढ़ा दी है। घने कोहरे के कारण रेल यातायात प्रभावित हुआ, जिससे यात्रियों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। मौसम विभाग ने नए साल पर कड़ाके की ठंड और कोल्ड वेव का अलर्ट जारी किया है।

### मुकुंदपर व्हाइट टाइगर सफारी में वन्यप्राणियों को ठंड से बचाव के लिए किये गये विषेश प्रबंध



**रीवा**। संचालक महाराजा मार्तण्ड सिंह जूदेव व्हाइट टाइगर सफारी एंड जू मुकुंदपुर ने बताया कि महाराजा मार्तण्ड सिंह जूदेव व्हाइट टाइगर सफारी एण्ड जू मुकुन्दपुर में वर्तमान में 27 प्रजातियों के 110 वन्यप्राणी उपलब्ध है। वर्तमान में शीतकालीन स्थिति को देखते हुये वन्यप्राणियों को ठंड से बचाव के लिए व्यवस्थाएं की गई है। बताया गया कि रात्रि में वातावरण का तापमान 13 डिग्री तक नीचे जा रहा है, जिसके लिए मांसाहारी वन्य प्राणियों रॉयल बंगाल टाइगर, व्हाइट टाइगर, लायन, पेन्थर, स्लाथ वियर एवं वाइल्ड डॉग के नाइट हाउस में फिन ऑयल लगाए गए हैं। शाकाहारी वन्यप्राणियों के लिये नाइट हाउस एवं क्रॉल में धान के भूसे को फैलाया गया तथा उनके बैठने, पेड़ों के नीचे धान का पुआल को बिछाया गया है तथा ओस से बचाव के लिये अस्थाई झोपड़ी का निर्माण किया गया है। ठंडी हवा से बचाव हेतु क्रॉल के चारों तरफ ग्रीन नेट से कवर किया गया है। मंसाहारी एवं शाकाहारी वन्यजीवों को ठंड हवाओ से बचने के लिए नाइट हाउस में रात्रि में वेंटिलेशन कुछ स्थानों में बंद किया गया है। ठंड के समय में एनिमल की उपापचय दर कम हो जाने से भूख नहीं लगती है। इसके लिए आने वाले महीने में मांसाहारी वन्यप्राणियों के खुराक की मात्रा में बदलाव पशु चिकित्सक के निर्देशानुसार किया जा रहा है। वॉक इन एवियरी में पक्षियों को ठंड से बचाव हेतु घास से झोपड़िया बनाकर उनमें यूवी लाइट की व्यवस्था की गई है ताकि रात्रि के समय उनकी ठंड से बचाव की जा सके। पक्षियों को खुराक में अंडे और ब्रेड का मिक्सचर सनफ्लावर के बीज दिए जा रहे है ताकि फैट की मात्रा पक्षियों में ज्यादा जमा हो और पक्षी ठंड से खुद बच सके।

**कलेक्टर ने मतदान केंद्र का किया निरीक्षण**

## पन्नी में सरपंच पद का उपचुनाव शांतिपूर्ण संपन्न, महिलाओं की भागीदारी रही अधिक





मऊगंज

जिले की जनपद पंचायत मऊगंज के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत पन्नी में सरपंच पद का उपचुनाव सोमवार 29 दिसंबर को पूरी तरह शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गया। मतदान केंद्र का कलेक्टर संजय कुमार जैन ने जायजा लिया दोपहर 3 बजे तक चली मतदान प्रक्रिया में मतदाताओं ने उत्साह के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग किया। ग्राम पंचायत पन्नी में कुल 3269 पंजीकृत मतदाताओं में से 1918 मतदाताओं ने वोट डाले, जिससे कुल मतदान प्रतिशत 58.67 दर्ज किया गया। इस उपचुनाव की खास बात यह रही कि मतदान में महिलाओं की भागीदारी पुरुषों की तुलना में अधिक देखने को मिली। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार 942 पुरुष मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, वहीं 976 महिला मतदाताओं ने मतदान कर लोकतंत्र में अपनी मजबूत भागीदारी दर्ज कराई। इससे यह साफ जाहिर हुआ कि पंचायत स्तर के चुनावों में महिलाओं की जागरूकता और सहभागिता लगातार बढ़ रही है। सरपंच पद के इस उपचुनाव में कुल चार प्रत्याशी मैदान में थे, जिनमें महेंद्र मिश्रा, रामआश्रय मिश्रा, संतोष मिश्रा और निरंजन मिश्रा शामिल हैं। मतदान प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब सभी प्रत्याशियों का भाग्य इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन यानी ईवीएम में कैद हो गया है। पूरे मतदान के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना सामने नहीं आई और प्रशासन की व्यवस्थाएं संतोषजनक रहीं। गौरतलब है कि ग्राम पंचायत पन्नी के पूर्व सरपंच रामदरस मिश्रा के निधन के बाद यह पद रिक्त हो गया था। करीब सात महीने से खाली पड़ी सरपंच की सीट को भरने के लिए यह उपचुनाव कराया गया। लंबे इंतजार के बाद हुए इस चुनाव को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह देखा गया और बड़ी संख्या में मतदाता मतदान केंद्रों तक पहुंचे। अब ग्राम पंचायत पन्नी के मतदाताओं की निगाहें 2 जनवरी को होने वाली मतगणना पर टिकी हैं, जब ईवीएम से नतीजे सामने आएंगे और पंचायत को नया सरपंच मिलेगा।

## हनुमना थाना क्षेत्र में खलिहान में रखे पैरा में लगी आग

### 15 ट्रॉली पैरा जलकर खाक पीड़ित पुलिस थाने में लिखाई रिपोर्ट



**मऊगंज**। हनुमना थाना क्षेत्र अंतर्गत रघुनाथगढ़ गांव में अज्ञात लोगों द्वारा आगजनी की घटना सामने आई है। रघुनाथगढ गांव निवासी लखपति विश्वकर्मा के खलिहान में रखे पैरा में अज्ञात आरोपियों ने आग लगा दी, जिससे करीब 15 टाली पैरा जलकर पूरी तरह खाक हो गया। घटना से पीड़ित को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है।बताया गया कि लखपति विश्वकर्मा ने अपने खलिहान में पशुओं के खाने के लिए पैरा संग्रहित कर रखा था। देर रात किसी समय अज्ञात लोगों ने उसमें आग लगा दी। सुबह धुआं उठता देख ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक पूरा पैरा जल चुका था।घटना की सूचना मिलने पर पीड़ित लखपति विश्वकर्मा हनुमना थाना पहुंचे और अज्ञात लोगों के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और आगजनी के कारणों का पता लगाने में जुटी है।